Adda247
GET IT ON Google Play

# Rajasthan Police SI-PC

## Previous Year Paper
### (GK & Gen. Sc.) Paper-II
### 07 Oct, 2018

Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

SI Exam 2016.

Date - 07-10-18

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या–16
No. of pages in Booklet -16
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या–100
No. of Questions in Booklet -**100**
Subject Code – **02**
विषय / SUBJECT : **Paper – II**
**Gen. Know. & Gen. Sc.**

# IS - 81

Question Paper Booklet No
प्रश्न–पत्र पुस्तिका संख्या
2193091

समय : 2.00 घण्टे
Time: 2.00 Hours

अधिकतम अंक : 200
Maximum Marks: 200

प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न–पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न–पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है। इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न–पत्र प्राप्त कर लें। ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the Paper Seal/ polythene bag. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper from the Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
6. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के साथ रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले** बॉल प्वाइंट पेन से विवरण भरें। **OMR उत्तर पत्र पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका संख्या ध्यानपूर्वक भरें।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

**चेतावनी:** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों–प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The OMR Answer Sheet is kept with this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue** ball point pen only. **Please fill the Question Paper Booklet no. on the OMR Answer Sheet carefully.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** (A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.)
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

***Warning** : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.*

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

**02**



Adda247 Telegram Channel
Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

1 Arrange the following rulers of Chouhan dynasty in Chronological order-

(i) Prithviraj-I (ii) Ajayraj
(iii) Arnoraj (iv) Vigrahraj-IV

(1) (ii), (iii), (i), (iv) (2) (i), (iii), (ii), (iv)
(3) (i), (iv), (ii), (iii) (4) (i), (ii), (iii), (iv)

2 Identify the leader, who was not active in Jaipur Praja Mandal-

(1) Ram Karan Joshi (2) Daulat Mal Bhandari
(3) Prayagraj Bhandari (4) Devishankar Tiwari

3 On the basis of maladministration, Dalhousie annexed, which of the following states in British empire?

(1) Satara (2) Jhansi
(3) Awadh (4) Nagpur

4 Which of the following is not correctly matched?

(1) Thewa Art – Pratapgarh
(2) Minakari - Jaipur
(3) Ajarak Print- Sanganer
(4) Terracotta Art- Molela

5 Match List-I with List-II and select the correct answer by using the codes given below the lists-

| | List-I Author | | List-II Book |
|---|---|---|---|
| A. | Karni Dan | I | Marwar-ra-Pargana-ri-Vigat |
| B. | Shymal Das | II | Suraj Prakash |
| C. | Muhnot Nainsi | III | Vansh Bhaskara |
| D. | Suryamalla Mishran | IV | Vir Vinod |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | IV | I | III |
| (2) | IV | II | I | III |
| (3) | II | IV | III | I |
| (4) | IV | II | III | I |

1 चौहान राजवंश के निम्नलिखित शासकों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–

(i) पृथ्वीराज–I (ii) अजयराज
(iii) अर्णोराज (iv) विग्रहराज– IV

(1) (ii), (iii), (i), (iv) (2) (i), (iii), (ii), (iv)
(3) (i), (iv), (ii), (iii) (4) (i), (ii), (iii), (iv)

2 उस नेता को पहचानिए जो जयपुर प्रजामण्डल में सक्रिय नहीं था–

(1) राम करण जोशी (2) दौलत मल भण्डारी
(3) प्रयागराज भण्डारी (4) देवीशंकर तिवारी

3 कुशासन के आधार पर डलहौजी ने निम्नलिखित में से किस राज्य को ब्रिटिश साम्राज्य में सम्मिलित किया?

(1) सतारा (2) झांसी
(3) अवध (4) नागपुर

4 निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

(1) थेवा कला– प्रतापगढ़
(2) मीनाकारी–जयपुर
(3) अजरक प्रिन्ट – सांगानेर
(4) टेराकोटा शिल्प–मोलेला

5 सूची I व सूची II का मिलान कीजिए तथा प्रयोग किये गये कूट के आधार पर नीचे दी गई सूची में से सही उत्तर का चयन कीजिए–

| | सूची I लेखक | | सूची II पुस्तक |
|---|---|---|---|
| A. | करनी दान | I | मारवाड़ रा परगना री विगत |
| B. | श्यामल दास | II | सूरज प्रकाश |
| C. | मुहनोत नैणसी | III | वंश भास्कर |
| D. | सूर्यमल्ल मिश्रण | IV | वीर विनोद |

**संकेतांक :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | IV | I | III |
| (2) | IV | II | I | III |
| (3) | II | IV | III | I |
| (4) | IV | II | III | I |



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

6 Which of the following temples is not of Gurjar-Pratihar style of architecture?
(1) Someshwar Temple of Kiradu
(2) Sun temple of Osian
(3) Dadhimati Mata temple of Goth Manglod
(4) Shiv temple of Charchoma

6 निम्नलिखित में से कौन सा मंदिर गुर्जर प्रतिहार वास्तु शैली का नहीं है?
(1) किराडू का सोमेश्वर मंदिर
(2) ओसियां का सूर्य मंदिर
(3) गोठ मांगलोद का दधिमति माता मंदिर
(4) चारचौमा का शिव मंदिर

7 The dance form, which is not related to Garasia tribe -
(1) Walar (2) Mandal
(3) Gavri (4) Loor

7 नृत्य शैली, जो गरासिया जनजाति से सम्बन्धित नहीं है–
(1) वालर (2) मांदल
(3) गवरी (4) लूर

8 Which of the following is not a sub-dialect of Dhundari?
(1) Toravati (2) Rajavati
(3) Nagarchol (4) Rathi

8 निम्नलिखित में से कौनसी ढूंढाड़ी की उपबोली नहीं है?
(1) तोरावटी (2) राजावटी
(3) नागर चोल (4) राठी

9 The company officer, who was assassinated in Kota during the Revolution of 1857-
(1) Colonel Abbott (2) Captain Shawers
(3) Major Burton (4) Captain Monk Mason

9 कंपनी अधिकारी, जिसकी 1857 की क्रान्ति के दौरान कोटा में हत्या की गई थी–
(1) कर्नल एबॉट (2) कैप्टन शॉवर्स
(3) मेजर बर्टन (4) कैप्टन मोंक मेसन

10 Swarna Nagari hall is a part of which Jain temple?
(1) Nasiyan temple, Ajmer
(2) Ranakpur temple, Ranakpur
(3) Dilwara temple, Abu
(4) Nakoda temple, Barmer

10 स्वर्ण नगरी हॉल किस जैन मंदिर का भाग है?
(1) नसियां मंदिर, अजमेर
(2) रणकपुर मंदिर, रणकपुर
(3) दिलवाड़ा मंदिर, आबू
(4) नाकोड़ा मंदिर, बाड़मेर

11

| | Calendar | | Starting in Year |
|---|---|---|---|
| A. | Saka Era | I | 622 A.D. |
| B. | Vikram Era | II | 319 A.D. |
| C. | Hijri Era | III | 57 B.C. |
| D. | Gupt Era | IV | 78 A.D. |

The correct match is –

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | IV | I | II |
| (2) | IV | III | I | II |
| (3) | IV | III | II | I |
| (4) | III | IV | II | I |

11

| | कलेण्डर | | प्रारंभिक वर्ष |
|---|---|---|---|
| A. | शक संवत | I | 622 ईस्वी |
| B. | विक्रम संवत | II | 319 ईस्वी |
| C. | हिज़री संवत | III | 57 ईसा पूर्व |
| D. | गुप्त संवत | IV | 78 ईस्वी |

सही सुमेलित है –

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | IV | I | II |
| (2) | IV | III | I | II |
| (3) | IV | III | II | I |
| (4) | III | IV | II | I |

12 The responsibility of "Akshapatalik" in the Early Medieval Kingdoms of Rajasthan was-
(1) to work as Chief Treasurer
(2) to work as Chief Account Officer
(3) to work as Foreign Minister
(4) to work as Prime Minister

12 राजस्थान के प्रारंभिक मध्यकाल के राज्यों में 'अक्षपटलिक' की जिम्मेदारी थी–
(1) मुख्य कोषपाल के रूप में काम करना।
(2) मुख्य लेखाधिकारी के रूप में काम करना।
(3) विदेश मंत्री के रूप में काम करना।
(4) प्रधान मंत्री के रूप में काम करना।



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

13 Arrange the following movements in the ascending chronological order-
(A) Home Rule Movement
(B) Civil Disobedience Movement
(C) Khilafat Movement
(D) Quit India Movement
Correct is -
(1) C, A, B, D (2) B, A, C, D
(3) A, B, C, D (4) A, C, B, D

14 Who translated the book 'Lilawati' in Persian language in Mughal period?
(1) Abdul Rahim Khan-e-Khana
(2) Abdul Qadir Badauni
(3) Abul Fazl
(4) Abul Faizi

15 Which was the first Rajput Royal family to have matrimonial alliance with the Mughals?
(1) Chouhan (2) Rathore
(3) Kachchawahas (4) Guhilot

16 'COP' 23rd annual "Conference of the Parties"(UNFCC) was held at-
(1) Helsinki (2) Bonn
(3) Paris (4) Stockholm

17 'BHORAT PLATEAU' is located-
(1) In the Northwest of Udaipur from Kumbhalgarh to Gogunda.
(2) From East Delhi to Jaipur
(3) From Amber to Nahargarh
(4) From Jodhpur to North Ajmer

18 The biodiversity hotspot of "Succulent Karoo" is situated in-
(1) Pacific Ocean (2) Asia
(3) Central America (4) Africa

19 Which of the following groups of districts witnessed lowest female literacy rate as per 2011 census?
(1) Jaisalmer, Sirohi, Jalore, Chittorgarh
(2) Jaisalmer, Sirohi, Banswara, Jalore
(3) Jaisalmer, Sirohi, Jalore, Barmer
(4) Jaisalmer, Sirohi, Barmer, Sawai-Madhopur

20 Uspallata Pass is situated in between-
(1) Chile and Argentina (2) Kirthar and Sulaiman
(3) Leh and Khardungla (4) Lahaul and Spiti

13 निम्नलिखित आन्दोलनों को आरोही कालक्रम के अनुसार जमायें–
(A) होम रूल आन्दोलन
(B) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(C) खिलाफ़त आन्दोलन
(D) भारत छोड़ो आन्दोलन
सही है–
(1) C, A, B, D (2) B, A, C, D
(3) A, B, C, D (4) A, C, B, D

14 मुगल काल में 'लीलावती' पुस्तक का फारसी भाषा में अनुवाद किसने किया?
(1) अब्दुल रहीम ख़ानख़ाना
(2) अब्दुल कादिर बदायूंनी
(3) अबुल फज़ल
(4) अबुल फैज़ी

15 मुगलों से वैवाहिक सम्बन्ध करने वाला प्रथम राजपूत राजपरिवार कौनसा था?
(1) चौहान (2) राठौड़
(3) कच्छवाहा (4) गुहिलोत

16 'कोप' 23वाँ "कान्फ्रेन्स ऑफ पार्टी"( यू एन एफ सी सी) आयोजित हुआ था–
(1) हेलसिन्की (2) बॉन
(3) पेरिस (4) स्टॉकहोम

17 'भोरट का पठार' यहाँ अवस्थित है–
(1) उदयपुर के उत्तर पश्चिम में कुम्भलगढ़ से गोगुन्दा तक
(2) पूर्वी दिल्ली से जयपुर तक
(3) आमेर से नाहरगढ़ तक
(4) जोधपुर से उत्तरी अजमेर तक

18 जैवविविधता हॉटस्पॉट "सक्यूलेन्ट कारू" अवस्थित है–
(1) प्रशांत महासागर में (2) एशिया में
(3) सेन्ट्रल अमेरिका में (4) अफ्रीका में

19 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किन जिलों के समूह में सबसे कम महिला साक्षरता दर अंकित किया गया?
(1) जैसलमेर, सिरोही, जालोर, चित्तौड़गढ़
(2) जैसलमेर, सिरोही, बांसवाड़ा, जालोर
(3) जैसलमेर, सिरोही, जालोर, बाड़मेर
(4) जैसलमेर, सिरोही, बाड़मेर, सवाई–माधोपुर

20 उसपल्लता दर्रा किसके मध्य स्थित है–
(1) चिली व अर्जेंटीना (2) किरथर व सुलेमान
(3) लेह व खरदुंगला (4) लाहौल व स्पीती



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

21 The season of Retreating Monsoon in Rajasthan is-
(1) July to August (2) January to February
(3) October to December (4) March to June

22 As per the "State of Forest Report-2017" released by Forest Survey of India, the total area under forest in Rajasthan is-
(1) 10.23% (2) 9.57%
(3) 9.18% (4) 8.34%

23 Which coast is not a part of the Western Coast?
(1) Kathiawar Coast (2) Konkan Coast
(3) Malabar Coast (4) Coromandel Coast

24 Which of the following iron and steel industry is not governed by Hindustan Steel Limited?
(1) Durgapur (2) Rourkela
(3) Kulti (4) Bhilai

25 What do you mean by 'SELVAS'?
(1) Thick equatorial forests or rain forest
(2) It is land slide
(3) State farms in Russia
(4) Parabolic Dunes in deserts

26 The 'Nepal Himalaya' lies between-
(1) Beas and Kali (2) Tista and Tsangpo
(3) Kali and Tista (4) Sutlej and Tista

27 Majority of the iron ore found in India is of which quality?
(1) Haematite (2) Magnetite
(3) Limonite (4) Siderite

28 Which of the following states was the largest producer of coffee in 2016-17?
(1) Kerala (2) Karnataka
(3) Tamilnadu (4) Andhra Pradesh

29 The 'Ruhr Industrial region' is located in-
(1) North America (2) Poland
(3) Germany (4) London

30 In which district of Rajasthan 'JAKHAM' Multipurpose project is located?
(1) Tonk (2) Banswara
(3) Bharatpur (4) Pratapgarh

31 By vesting the residuary powers in the Union, the Indian Constitution has followed the:
(1) French Constitution
(2) The Canadian System
(3) The British System
(4) The German System

21 राजस्थान में लौटते मानसून की ऋतु है–
(1) जुलाई से अगस्त (2) जनवरी से फरवरी
(3) अक्टूबर से दिसम्बर (4) मार्च से जून

22 'फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा जारी ''स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट–2017'' के अनुसार राजस्थान का कुल वन क्षेत्र है:
(1) 10.23% (2) 9.57%
(3) 9.18% (4) 8.34%

23 कौनसा तट भारत के पश्चिमी तट का भाग नहीं है?.
(1) काठियावाड़ तट (2) कोंकण तट
(3) मालाबार तट (4) कोरोमंडल तट

24 निम्नलिखित में से कौन सा लोहा इस्पात उद्योग हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड से शासित नहीं है?
(1) दुर्गापुर (2) राउरकेला
(3) कुल्टी (4) भिलाई

25 'सेलवास' का क्या अर्थ है?
(1) सघन भूमध्य रेखीय वन अथवा वर्षा वन
(2) यह भूस्खलन है
(3) रूस के राजकीय खेत
(4) मरुस्थलीय परवलयिक टीले/स्तूप

26 'नेपाल हिमालय' किसके मध्य में अवस्थित है?
(1) ब्यास तथा काली (2) तिस्ता तथा सांगपो
(3) काली तथा तिस्ता (4) सतलज तथा तिस्ता

27 भारत में पाये जाने वाला अधिकांश लौह धातु किस किस्म का है–
(1) हैमेटाइट (2) मैग्नेटाइट
(3) लिमोनाइट (4) सिडेराइट

28 निम्नलिखित में से कौन सा राज्य 2016–17 में कॉफी का सबसे बड़ा उत्पादक था?
(1) केरल (2) कर्नाटक
(3) तमिलनाडू (4) आंध्र प्रदेश

29 'रूर औद्योगिक प्रदेश' अवस्थित है–
(1) उत्तरी अमेरिका (2) पोलैंड
(3) जर्मनी (4) लंदन

30 'जाखम' बहुउद्देशीय परियोजना राजस्थान के कौन से जिले में स्थित है?
(1) टोंक (2) बांसवाड़ा
(3) भरतपुर (4) प्रतापगढ़

31 भारतीय संविधान में संघ में अवशिष्ट शक्तियॉं निहित करके किसका अनुसरण किया गया है–
(1) फ्रान्स के संविधान का
(2) कनाड़ा की प्रणाली का
(3) ब्रिटेन की प्रणाली का
(4) जर्मनी की प्रणाली का



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

32 Who was the Chief Justice of India when public interest litigation was introduced to the Indian Judicial System?
(1) A.M. Ahmadi (2) M. Hidayatullah
(3) A.S. Anand (4) P.N. Bhagwati

32 भारतीय न्याय व्यवस्था में जनहित याचिका के प्रारम्भ के समय भारत के मुख्य न्यायमूर्ति कौन थे?
(1) ए.एम. अहमदी (2) एम. हिदायतुल्लाह
(3) ए.एस. आनन्द (4) पी.एन. भगवती

33 Rajasthan State Human Rights Commission is comprised of-
(1) One Chairman and three members
(2) One Chairman, one deputy Chairman and one secretary
(3) One Chairman and two members
(4) One Chairman and four members

33 राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग का विन्यास है–
(1) एक अध्यक्ष एवं तीन सदस्य
(2) एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष एवं एक सचिव
(3) एक अध्यक्ष एवं दो सदस्य
(4) एक अध्यक्ष एवं चार सदस्य

34 Which states adopted Panchayati Raj form of local Government first?
(1) Rajastan and Madhya Pradesh
(2) Andhra Pradesh and Madhya Pradesh
(3) Rajasthan and Andhra Pradesh
(4) Andhra Pradesh and Maharashtra

34 कौन–से राज्यों ने स्थानीय सरकार के पंचायती राज स्वरूप को सर्वप्रथम अंगीकार किया ?
(1) राजस्थान तथा मध्य प्रदेश
(2) आन्ध्र प्रदेश तथा मध्य प्रदेश
(3) राजस्थान तथा आन्ध्र प्रदेश
(4) आन्ध्र प्रदेश तथा महाराष्ट

35 The P.I.L. petition related to Fundamental Rights can be filed in -
(1) Supreme Court only
(2) High Courts only
(3) Any court
(4) Both Supreme Court and High Court

35 मूल अधिकारों से संबंधित जनहित याचिका दायर की जा सकती है –
(1) मात्र उच्चतम न्यायालय के समक्ष
(2) मात्र उच्च न्यायालयों के समक्ष
(3) किसी भी न्यायालय के समक्ष
(4) उच्चतम व उच्च दोनों न्यायालयों के समक्ष

36 Before being removed from the Fundamental Rights, the Right to Property was a part of which Article?
(1) 18 (2) 19 (3) 22 (4) 21

36 मौलिक अधिकार के रूप में हटाये जाने से पूर्व, सम्पत्ति का अधिकार किस अनुच्छेद का हिस्सा था ?
(1) 18 (2) 19 (3) 22 (4) 21

37 How many members are nominated in the present State Assembly of Rajasthan?
(1) One (2) None
(3) Two (4) Three

37 वर्तमान राजस्थान राज्य विधानसभा में कितने सदस्य मनोनीत हैं?
(1) एक (2) एक भी नहीं
(3) दो (4) तीन

38 The correct sequence of assurances given in the Preamble of Indian Constitution is:
(1) Justice, Equality, Fraternity, Liberty
(2) Liberty, Equality, Justice, Fraternity
(3) Justice, Liberty, Equality, Fraternity
(4) Equality, Justice, Liberty, Fraternity

38 भारत के संविधान की प्रस्तावना में दिये गये आश्वासनों का सही क्रम है–
(1) न्याय, समता, बंधुता, स्वतंत्रता
(2) स्वतंत्रता, समता, न्याय, बन्धुता
(3) न्याय, स्वतंत्रता, समता, बन्धुता
(4) समता, न्याय, स्वतंत्रता, बन्धुता

39 According to the Indian Constitution, at one time, a person can be the Governor of a maximum number of how many State/States?
(1) One (2) Two
(3) Three (4) The maximum number is not fixed

39 भारत के संविधान के अनुसार एक व्यक्ति एक समय में अधिकतम कितने राज्य/राज्यों का राज्यपाल हो सकता है ?
(1) एक (2) दो
(3) तीन (4) अधिकतम संख्या निर्धारित नहीं है



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247
GET IT ON Google Play

**40** Features of the Government of India Act 1935 are:
(a) The provincial autonomy
(b) The establishment of Federal Court
(c) The establishment of All India Federation at the Centre

**Select the correct alternative using the codes:**
(1) a and b (2) b and c
(3) a and c (4) a, b and c

**41** Who is/are under the purview of enquiry of 'LOKAYUKTA' in Rajasthan?
I Ministers II Secretaries
III Governor IV Chairpersons of autonomous institutions

The correct option is -
(1) I, II, IV (2) I, III
(3) II, III, IV (4) I, II, III

**42** How was the Constituent Assembly of India formed?
(1) By indirect elections by the members of the Provincial Legislative Assemblies established in 1935.
(2) Through Nomination by the Viceroy.
(3) By direct election by the members of Provincial Legislative Assemblies established in 1935.
(4) By direct elections in Provinces.

**43** The minimum number of Council of Ministers in Rajasthan can be:
(1) 29 + one Chief Minister
(2) 11 + one Chief Minister
(3) 15 + one Chief Minister
(4) 12 + one Chief Minister

**44** Read carefully the following sentences:
I. In case of disagreement between both the houses of Indian Parliament there is a provision of joint sitting.
II. A joint sitting can be called only on ordinary bills.
III. A provision for joint sitting on Constitutional Amendment Bills is also described in Article 102.

Which of the statements are correct -
(1) I, II, III (2) I, III (3) II, III (4) I, II

**45** The founder of 'BHARTIYA JANSANGH' was
(1) Atal Bihari Vajpayee
(2) C. Rajagopalachari
(3) Deen Dayal Upadhyay
(4) Dr. Shyamaprasad Mukherjee

**40** भारत सरकार अधिनियम 1935 की विशेषताएँ हैं:
(a) प्रान्तीय स्वायत्तता
(b) संघीय न्यायालय की स्थापना
(c) केन्द्र में अखिल भारतीय संघ की स्थापना

**कूटों का प्रयोग करते हुए सही विकल्प चुनिये:**
(1) a और b (2) b और c
(3) a और c (4) a, b और c

**41** राजस्थान में लोकायुक्त की जाँच के दायरे में आते हैं–
I मंत्री II सचिव
III राज्यपाल IV स्वायत्त शासन संस्थानों के अध्यक्ष

सही विकल्प है–
(1) I, II, IV (2) I, III
(3) II, III, IV (4) I, II, III

**42** भारत की संविधान सभा का निर्माण कैसे किया गया था?
(1) 1935 में स्थापित प्रान्तीय विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष चुनाव विधि से
(2) वायसराय के मनोनयन द्वारा
(3) 1935 में स्थापित प्रान्तीय विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा प्रत्यक्ष चुनाव विधि से
(4) प्रान्तों में प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से

**43** राजस्थान मंत्रिपरिषद की न्यूनतम संख्या हो सकती है–
(1) 29 + 1 मुख्यमंत्री
(2) 11 + 1 मुख्यमंत्री
(3) 15 + 1 मुख्यमंत्री
(4) 12 + 1 मुख्यमंत्री

**44** नीचे दिए वाक्यों को ध्यान से पढ़िये–
I. भारतीय संसद के दोनों सदनों में गतिरोध की स्थिति में संयुक्त बैठक का प्रावधान है।
II. संयुक्त बैठक मात्र सामान्य विधेयकों पर बुलायी जा सकती है।
III. संविधान संशोधन विधेयकों पर भी संयुक्त बैठक का प्रावधान अनुच्छेद 102 में वर्णित है।

**कौनसे कथन सही हैं –**
(1) I, II, III (2) I, III (3) II, III (4) I, II

**45** भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे–
(1) अटल बिहारी वाजपेयी
(2) सी. राजगोपालाचारी
(3) दीनदयाल उपाध्याय
(4) डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

46 According to Human Development Report 2016, which rank was assigned to India's Human Development Index?
(1) 139 (2) 129
(3) 131 (4) 137

47 Who is the Chairman of the 15th Finance Commission?
(1) N.K. Singh (2) M.N. Vohra
(3) Arvind Mehta (4) Vijay Kelkar

48 At which of the following places it was announced, in the budget of Rajasthan 2018-19, to establish a mini plant for processing and marketing of camel milk?
(1) Bikaner (2) Jaipur
(3) Barmer (4) Jaisalmer

49 Seventh Five Year Plan (1985-90) mainly emphasised on:
(1) Removal of Poverty
(2) Sustainable Development
(3) Food grain production, employment & productivity
(4) Rapid industrialisation

50 National Mission for Sustainable Agriculture consists of which of the following sub-mission?
(1) Animal husbandry
(2) Health Management
(3) Cooperative agriculture
(4) Soil Health Management

51 Goods and Service Tax was implemented in India from-
(1) 1-Jun-2017 (2) 1-Jul-2017
(3) 1-Aug-2017 (4) 1-Sep-2017

52 Which of the following agencies has taken the initiative for mitigating the poverty in the western districts of Rajasthan?
(1) International fund for agricultural development (IFAD) and Ratan Tata Trust
(2) International Monetary Fund (IMF) and Reliance industry
(3) World Bank and Adani Trust
(4) World Health Organisation (WHO) and Goenka Trust

53 What was the road density (per 100 sq. km.) in Rajasthan at the end of March 2017?
(1) 66.29 km. (2) 79.27 km.
(3) 55.21 km. (4) 92.28 km.

46 मानव विकास रिपोर्ट 2016 के अनुसार भारत के मानव विकास सूचकांक को कौनसा स्थान दिया गया?
(1) 139 (2) 129
(3) 131 (4) 137

47 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?
(1) एन.के. सिंह (2) एम.एन. वोहरा
(3) अरविन्द मेहता (4) विजय केलकर

48 राजस्थान के 2018–19 के बजट में निम्न में से किस स्थान पर ऊँटनी के दूध के प्रसंस्करण एवं विपणन के लिए मिनी प्लांट स्थापित करने की घोषणा की गई है?
(1) बीकानेर (2) जयपुर
(3) बाड़मेर (4) जैसलमेर

49 सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985–90) में मुख्यतः जोर दिया गया –
(1) निर्धनता उन्मूलन
(2) सुस्थिर विकास
(3) खाद्य उत्पादन, रोजगार एवं उत्पादकता
(4) तीव्र औद्योगीकरण

50 राष्ट्रीय टिकाऊ खेती मिशन के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन–सा उप–मिशन सम्मिलित किया गया है ?
(1) पशुपालन
(2) स्वास्थ्य प्रबन्धन
(3) सहकारी खेती
(4) मृदा स्वास्थ्य प्रबन्धन

51 भारत में वस्तु एवं सेवा कर लागू किया गया–
(1) 1 जून 2017 (2) 1 जुलाई 2017
(3) 1 अगस्त 2017 (4) 1 सितंबर 2017

52 राजस्थान के पश्चिमी जिलों में गरीबी उन्मूलन हेतु कौन सी एजेन्सी ने पहल की है ?
(1) कृषि विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) और रतन टाटा ट्रस्ट
(2) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) तथा रिलायंस उद्योग
(3) विश्व बैंक तथा अदानी ट्रस्ट
(4) विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा गोयनका ट्रस्ट

53 राजस्थान में मार्च 2017 के अन्त में, सड़कों का घनत्व (प्रति 100 वर्ग कि.मी.) कितना था?
(1) 66.29 कि.मी. (2) 79.27 कि.मी.
(3) 55.21 कि.मी. (4) 92.28 कि.मी.



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 | GET IT ON Google Play

54 Which among the following formulates the Fiscal Policy in India?
(1) RBI (2) SEBI
(3) Finance Ministry (4) NITI Aayog

54 निम्नलिखित में से कौन भारत में राजकोषीय नीति का निर्माण करता है?
(1) आर.बी.आई. (2) सेबी
(3) वित्त मंत्रालय (4) नीति आयोग

55 What is the objective of National Ayush Mission in Rajasthan?
(1) Promotion of medical facilities in Western districts.
(2) To provide the medical insurance facility to the BPL families in the State.
(3) Development of Ayurveda, Homeo, Unani, Yoga and Naturopathy in the State.
(4) To provide free medical facilities to SC/ST and OBC families of the State.

55 राजस्थान में राष्ट्रीय आयुष मिशन का उद्देश्य क्या है?
(1) पश्चिमी जिलों में चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा देना।
(2) राज्य के गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को चिकित्सा बीमा की सुविधा उपलब्ध कराना।
(3) राज्य में आयुर्वेद, होम्यो, यूनानी, योगा तथा प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों का विकास करना।
(4) राज्य के अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के परिवारों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना।

56 What was the share of service sector in India's Gross Value Added (GVA) in the year 2017-18?
(1) 72.5% (2) 56.7%
(3) 54.3% (4) 55.2%

56 वर्ष 2017–18 में भारत के सकल मूल्य वर्द्धन (जी.वी.ए.) के अन्तर्गत सेवा क्षेत्र का अंश कितना था?
(1) 72.5% (2) 56.7%
(3) 54.3% (4) 55.2%

57 What is the main objective of Paramparagat Krishi Vikas Yojana (PKVY)?
(1) To adopt the traditional methods of irrigation.
(2) To promote organic farming.
(3) To adopt the technique of rain harvesting.
(4) To reduce the use of mechanised technique in Agriculture.

57 परम्परागत कृषि विकास योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(1) सिंचाई के लिए परम्परागत विधियों को अपनाना।
(2) जैविक खेती को प्रोत्साहित करना।
(3) वर्षाजल के संरक्षण की तकनीक को अपनाना।
(4) कृषि में यांत्रिक विधियों के प्रयोग को कम करना।

58 Which of the following funds is being used by the Government of India to meet the unforseen expenses?
(1) Consolidated Fund
(2) Public Account of India
(3) Contingency Fund
(4) Borrowing Account

58 निम्नलिखित में से किस कोष का उपयोग भारत सरकार के द्वारा अप्रत्याशित व्यय को पूरा करने के लिए किया जाता है?
(1) समेकित निधि
(2) भारत का सार्वजनिक खाता
(3) आकस्मिक निधि
(4) उधार खाता

59 Rajasthan Mukhyamantri Rajshree Yojna was announced in the budget of:
(1) 2014-15 (2) 2015-16
(3) 2016-17 (4) 2017-18

59 राजस्थान मुख्यमंत्री राजश्री योजना की घोषणा किस बजट में की गई–
(1) 2014-15 (2) 2015-16
(3) 2016-17 (4) 2017-18

60 Which of the following fiscal measures is used to get the economy out of recession?
(1) Increase in government expenditure
(2) Decrease in government expenditure
(3) Increase in taxes
(4) Demonetisation

60 निम्नलिखित राजकोषीय उपायों में से किसे अर्थव्यवस्था को मंदी से उबारने के लिए प्रयुक्त किया जाता है?
(1) सरकारी व्यय में वृद्धि
(2) सरकारी व्यय में कमी
(3) करों में वृद्धि
(4) विमुद्रीकरण

61 Which set of the elements have 4,5 and 6 electrons in the their outer most orbit?
(1) C, Si, Cl (2) B, C, N
(3) O, F, S (4) Si, N, S

61 निम्नलिखित तत्वों के कौनसे समूह में उनके सबसे बाह्यतम् कक्ष में क्रमशः 4,5 और 6 इलेक्ट्रॉन होते हैं?
(1) C, Si, Cl (2) B, C, N
(3) O, F, S (4) Si, N, S



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

62 Which year was declared as the International Year of Biodiversity?
(1) 2002 (2) 2010
(3) 2016 (4) 1972

62 कौनसा वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता वर्ष घोषित किया गया था?
(1) 2002 (2) 2010
(3) 2016 (4) 1972

63 Which of the following nutrients is not an anti oxidant?
(1) Selenium (2) Tocopherol
(3) Carotenoids (4) Cholecalciferol

63 निम्नलिखित में से कौन सा पोषक तत्व एक एन्टीऑक्सीडेन्ट नहीं है?
(1) सिलेनियम (2) टोकोफेरोल
(3) कैरोटिनॉइड (4) कोलिकेल्सीफेरोल

64 In which of the following ecosystems the pyramid of biomass is inverted?
(1) Forest (2) Grassland
(3) Pond (4) Desert

64 निम्नलिखित में से किस पारिस्थितिकी तंत्र में जैव भार का प्रतिलोमित पिरामिड देखा जा सकता है?
(1) वन (2) घास– स्थल
(3) तालाब (4) रेगिस्तान

65 On 15 February 2017, the Indian Space Research Organisation (ISRO) successfully launched a record of 104 satellites from Satish Dhawan Space Centre Sriharikota. The launch Vehicle used for the purpose was -
(1) PSLV-C33 (2) GSLV-C33
(3) PSLV-C37 (4) GSLV-C37

65 15 फरवरी 2017 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सतीश धवन स्पेस सेंटर, श्रीहरिकोटा से रिकॉर्ड 104 उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रमोचन (प्रक्षेपण) किया। प्रमोचक वाहन जिसे इस कार्य के लिए प्रयुक्त किया वह था–
(1) PSLV-C33 (2) GSLV-C33
(3) PSLV-C37 (4) GSLV-C37

66 For which of the following words has the letter 'G' been used in 4G technology in mobile communication?
(1) Grade (2) Group
(3) Global (4) Generation

66 मोबाइल संचार की 4G तकनीक में 'G' अक्षर निम्नलिखित में से किस शब्द हेतु प्रयुक्त किया गया है?
(1) ग्रेड (2) ग्रुप
(3) ग्लोबल (4) जेनेरेशन

67 The forest biome characterised by 3-4 tree species per km. square is -
(1) Tropical (2) Temperate
(3) Boreal (4) Taiga

67 कौन से वन जीवोम की विशेषता 3–4 वृक्ष प्रजाति प्रति स्क्वेयर किलोमीटर होती है?
(1) उष्ण कटिबंधी (2) शीतोष्ण
(3) बोरियल (4) टैगा

68 In the human body which amino acid is converted to Niacin?
(1) Tyrosine (2) Valine
(3) Tryptophan (4) Phenyl alanine

68 मानव शरीर में कौन सा अमीनो अम्ल नियासिन में परिवर्तित होता है?
(1) टाइरोसिन (2) वेलीन
(3) ट्रिप्टोफेन (4) फिनाइल एलानीन

69 India is in the process of buying Rafale fighter jets for its Defence Ministry. The country of origin of these fighter jets is -
(1) Russia (2) USA (3) France (4) Germany

69 भारत अपने रक्षा मंत्रालय हेतु लड़ाकू विमान राफेल के क्रय की प्रक्रिया कर रहा है। इन लड़ाकू विमानों का उद्गम किस देश से हुआ था?
(1) रूस (2) अमरीका (3) फ्रांस (4) जर्मनी

70 The prefix "nano" comes from a -
(1) French word meaning billion
(2) Latin word meaning invisible
(3) Greek word meaning dwarf
(4) Spanish word meaning particle

70 उपसर्ग "नैनो" किस शब्द से बना है?
(1) फ्रांसीसी शब्द जिसका अर्थ है अरब
(2) लैटिन शब्द जिसका अर्थ है अदृश्य
(3) यूनानी शब्द जिसका अर्थ है बौना
(4) स्पेनिश शब्द जिसका अर्थ है कण

71 In January 2018, the Prime Minister of India inaugurated the HPCL Rajasthan Refinery Ltd. in which district of Rajasthan?
(1) Bikaner (2) Barmer (3) Jaisalmer (4) Kota

71 भारत के प्रधानमंत्री ने जनवरी 2018 में एच.पी.सी.एल. राजस्थान लिमिटेड का उद्घाटन राजस्थान के किस जिले में किया था?
(1) बीकानेर (2) बाड़मेर (3) जैसलमेर (4) कोटा



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247
GET IT ON Google Play

72 Percentage of Carbon dioxide present in the atmosphere is about -
(1) 10 (2) 7 (3) 5 (4) <1

73 The London smog was observed in the year-
(1) 1750 (2) 1952
(3) 1972 (4) 2000

74 Another name for n-6 polyunsaturated fatty acid is
(1) Linoleic Acid (2) Linolenic Acid
(3) Palmitic Acid (4) Arachidonic Acid

75 The SI Unit of Charge is-
(1) Ampere (2) Volt (3) Coulomb (4) Ohm

76 In an election of two candidates, the candidate who gets 39% votes is rejected by 19800 votes. The total number of votes polled was ?
(1) 90,000 (2) 1,65,000
(3) 72,000 (4) 61,875


77 Here, two columns in which the numbers given under column II are the codes for the letters given under column I. By observing each letter and its code, identify the codes given for each letter and answer the question given below:

| Column I (कॉलम I) | Column II (कॉलम II) |
|---|---|
| S T R O K E | 3 4 6 1 5 2 |
| T R A I N | 2 3 7 8 9 |
| K I T E | 6 2 8 5 |
| T E S T | 1 2 2 6 |

What is the code for the word NIK -
(1) 895 (2) 875
(3) 879 (4) Cannot be determined

78 An amount of money grows upto ₹ 4850 in 2 years and upto ₹ 5335 in 3 years on compound interest. The yearly rate of interest is:
(1) 8% (2) 9% (3) 10% (4) 10.5%

79 In the figure given below the difference between number of triangles and rectangles is:



(1) 10 (2) 8 (3) 6 (4) 4

72 वायुमण्डल में पायी जाने वाली कार्बन डाईऑक्साइड की प्रतिशत मात्रा लगभग है –
(1) 10 (2) 7 (3) 5 (4) <1

73 लंदन धूम–कुहा किस वर्ष में देखा गया था–
(1) 1750 (2) 1952
(3) 1972 (4) 2000

74 n-6 बहु असंतृप्त वसीय अम्ल का दूसरा नाम है –
(1) लिनोलिक अम्ल (2) लिनोलेनिक अम्ल
(3) पामिटिक अम्ल (4) एरेकडॉनिक अम्ल

75 विद्युत की मात्रा की अंतर्राष्ट्रीय मानक इकाई क्या है?
(1) एम्पीयर (2) वोल्ट (3) कूलम्ब (4) ओह्म

76 दो उम्मीदवारों के चुनाव में जिस उम्मीदवार को 39% मत प्राप्त हुए वह 19800 मतों से पराजित हुआ। कुल डाले गये मतों की संख्या थी ?
(1) 90,000 (2) 1,65,000
(3) 72,000 (4) 61,875


77 यहाँ, दो कॉलम में से दूसरे कॉलम (कॉलम II) में दी गयी संख्याएँ पहले कॉलम (कॉलम I) में दिये गये अक्षरों के कूट हैं। प्रत्येक अक्षर तथा उसके कूट का परीक्षण करते हुए प्रत्येक अक्षर का कूट पहचानिए तथा निम्न प्रश्न का उत्तर दीजिए:

| Column I (कॉलम I) | Column II (कॉलम II) |
|---|---|
| S T R O K E | 3 4 6 1 5 2 |
| T R A I N | 2 3 7 8 9 |
| K I T E | 6 2 8 5 |
| T E S T | 1 2 2 6 |

शब्द NIK के लिए कूट है–
(1) 895 (2) 875
(3) 879 (4) ज्ञात नहीं किया जा सकता

78 एक धन चक्रवृद्धि ब्याज से 2 वर्षों में 4850 ₹ तक बढ़ता है तथा तीन वर्षों में यह 5335 ₹ हो जाता है। वार्षिक ब्याज दर है:
(1) 8% (2) 9% (3) 10% (4) 10.5%

79 नीचे दिये चित्र में त्रिभुजों तथा आयतों की संख्या का अन्तर है:



(1) 10 (2) 8 (3) 6 (4) 4



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram


Adda247
GET IT ON Google Play

80 A and B are sisters. R and S are brothers. A's daughter is R's sister. What is B's relation to S ?
(1) Mother (2) Grandmother (Daadi)
(3) Sister (4) Aunt (Mausi)

81 In two alloys the ratios of copper to tin are 3:4 and 1:6 respectively. If 7 kg. of the first alloy and 21 kg. of the second alloy are mixed together to form a new alloy, then the ratio of copper to tin in the new alloy is:
(1) 3 : 11 (2) 1 : 4 (3) 3 : 7 (4) 4 : 11

82 Here, a statement is followed by three courses of action numbered I, II and III, you have to assume everything in the statement to be true, then decide which of the three given suggested courses of action logically follows for pursuing -
**Statement:** There is a considerable increase in the number of malaria patients during monsoon period.
**Courses of Action:**
I. The question should be raised in the Legislative Assembly.
II. The government should disseminate adequate information regarding preventive measures to be taken by the people.
III. All the hospitals should be equipped properly for the treatment of malaria patients during monsoon period.
(1) All (2) Only I and II
(3) Only II and III (4) Only I and III

83 Study the pie chart given below and answer the question that follows. The total amount collected for flood relief from different sources is shown in the pie chart -




What is the approximate ratio of collection from corporates to Central Government?
(1) 1:4 (2) 1:3
(3) 2:3 (4) Cannot be determined


84 Next number in the series 15,35,77,143, ….. is -
(1) 179 (2) 197 (3) 219 (4) 221

80 A तथा B बहनें हैं। R तथा S भाई हैं। A की बेटी R की बहन है। B का S के साथ क्या सम्बंध है?
(1) माँ (2) दादी माँ
(3) बहन (4) मौसी

81 दो मिश्र धातुओं में ताम्बे तथा टिन का अनुपात क्रमशः 3:4 तथा 1:6 है। यदि प्रथम मिश्र धातु से 7 किलोग्राम तथा द्वितीय मिश्र धातु से 21 किलोग्राम मिलाकर एक नई मिश्र धातु बनाई जाती है तो नई मिश्र धातु में ताम्बे तथा टिन का अनुपात है:
(1) 3 : 11 (2) 1 : 4 (3) 3 : 7 (4) 4 : 11

82 यहाँ, एक कथन के पश्चात् तीन की जा सकने वाली कार्यवाहियाँ I, II तथा III हैं। आपको कथन में दिया गया सब कुछ सत्य मानते हुए निर्णय करना है कि सुझायी गई तीन में से तर्क पूर्ण रूप से कौनसी कार्यवाही की जानी चाहिए –
**कथन:** मानसून के समय में मलेरिया रोगियों की संख्या में काफी वृद्धि होती है।
**कार्यवाही:**
I विधानसभा में यह प्रश्न उठाना चाहिए।
II जनता द्वारा इसकी रोकथाम के लिए किये जा सकने वाले उपायों की सरकार द्वारा पर्याप्त सूचना प्रसारित की जानी चाहिए।
III मानसून के समय में सभी अस्पतालों को मलेरिया रोगियों के उपचार हेतु सही प्रकार से सज्जित करना चाहिए।
(1) सभी (2) केवल I तथा II
(3) केवल II तथा III (4) केवल I तथा III

83 नीचे दिये पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए तथा इसके पश्चात् दिये प्रश्न का उत्तर दीजिए। बाढ़ राहत हेतु विभिन्न स्त्रोतों से कुल एकत्रित राशि पाई चार्ट में दर्शायी गई है –




कॉरपोरेट्स तथा केन्द्र सरकार से एकत्रित राशि का लगभग अनुपात क्या है?
(1) 1 : 4 (2) 1 : 3
(3) 2 : 3 (4) ज्ञात नहीं किया जा सकता

84 श्रृंखला 15, 35, 77, 143, …. में आगे की संख्या है:
(1) 179 (2) 197 (3) 219 (4) 221



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 | GET IT ON Google Play

85 Here, a statement is followed by two arguments numbered I and II. You have to decide which of the arguments is a 'strong argument' and which is a 'weak argument'. Give answer -

**Statement:** Should student union election in Universities be banned?

**Arguments:**

I. Yes, it will help to create academic atmosphere in Universities.

II. No, we will not find any future political leaders.

(1) only argument I is strong
(2) only argument II is strong
(3) neither I nor II is strong argument
(4) both I and II are strong arguments

85 यहाँ, एक कथन के पश्चात् दो तर्क I तथा II हैं। आपको निर्णय करना है कि कौनसा तर्क "मजबूत तर्क" है तथा कौनसा "कमजोर तर्क" है। उत्तर दीजिए–

**कथन:** क्या विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनावों पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए?

**तर्क:**

I. हाँ, यह विश्वविद्यालयों में अकादमिक वातावरण तैयार करने में सहायक होगा।

II. नहीं, भविष्य में कोई राजनेता हमें नहीं मिल सकेगा।

(1) केवल तर्क I मजबूत है।
(2) केवल तर्क II मजबूत है।
(3) न तो I एवं न ही II तर्क मजबूत हैं।
(4) I तथा II दोनों मजबूत तर्क हैं।

86 Why was the 'Walled City of Jaipur' in the news recently?

(1) The commercial run of Metro Train has started inside the walled city.
(2) A long tunnel of Medieval times has been discovered under the walled city.
(3) Government permitted the markets of the walled city to remain open round the clock.
(4) The walled city has been proposed as the UNESCO World Heritage site.

86 जयपुर का परकोटा–शहर अभी हाल ही में समाचारों में चर्चा में क्यों था?

(1) "परकोटे" में मैट्रो रेल का व्यावसायिक परिचालन प्रारंभ हुआ है।
(2) "परकोटे" के नीचे मध्यकालीन कालखण्ड की एक लम्बी सुरंग खोजी गयी है।
(3) सरकार ने "परकोटे" के बाजारों को 24 घण्टे खुले रहने की अनुमति दी है।
(4) "परकोटा– नगर" को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रस्तावित किया गया है।

87 Who is Prateek Hajela?

(1) India's new ambassador to Russia.
(2) Newly appointed Election Commissioner of India.
(3) Newly appointed governor of Jammu & Kashmir.
(4) Assam state coordinator of the National Register of Citizens.

87 प्रतीक हजेला कौन हैं?

(1) रूस में भारत के नये राजदूत।
(2) भारत के नव नियुक्त चुनाव आयुक्त।
(3) जम्मू एवं कश्मीर के नव नियुक्त राज्यपाल।
(4) राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के आसाम राज्य के समन्वयक।

88 The head of the Prime Minister's Science, Technology and Innovation Advisory Council (PM-STIAC) is-

(1) K. Vijay Raghavan (2) A.S. Kiran Kumar
(3) Manjul Bhargava (4) V.K. Saraswat

88 प्रधानमंत्री के विज्ञान तकनीकी एवं नवोन्मेष सलाहकार परिषद (PM-STIAC) के मुखिया हैं–

(1) के. विजय राघवन (2) ए. एस. किरण कुमार
(3) मंजुल भार्गव (4) वी. के. सारस्वत

89 'BIMSTEC's' permanent Secretariat is situated at?

(1) Dhaka (2) Bangkok
(3) Colombo (4) Thimphu

89 'बिम्सटेक' का स्थायी सचिवालय कहाँ अवस्थित है–

(1) ढाका में (2) बैंकॉक में
(3) कोलम्बो में (4) थिम्फू में

90 Who has become the first Indian gymnast to clinch an individual medal at the Gymnastics World Cup in Melbourne on February 24, 2018?

(1) Deepa Karmakar (2) Rohan More
(3) Aruna Budda Reddy (4) Deepak Kumar

90 24 फरवरी 2018 को मैलबोर्न में जिमनास्टिक वर्ल्डकप में व्यक्तिगत मैडल प्राप्त करने वाला भारतीय जिमनास्ट कौन बना?

(1) दीपा कर्माकर (2) रोहण मोरे
(3) अरुणा बुद्दा रेड्डी (4) दीपक कुमार



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

91 The Winner of the US Open Tennis-2018 Women's Singles title is-

(1) Serena Williams (2) Simona Halep

(3) Naomi Osaka (4) Madison Keys

91 यू.एस. ओपन टेनिस–2018 की महिला एकल खिताब की विजेता है–

(1) सेरेना विलियम्स (2) सिमोना हालेप

(3) नाओमी ओसाका (4) मैडिसन कीज़

92 Till now who among the following is the Youngest Indian player to win a medal in the Asian Games?

(1) Saurabh Chaudhary (2) Shardul Vihan

(3) Vinesh Phogat (4) Hima Das

92 निम्नलिखित में से कौनसा भारतीय खिलाड़ी अब तक के एशियाई खेलों में पदक जीतने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी है?

(1) सौरभ चौधरी (2) शार्दुल विहान

(3) विनेश फोगाट (4) हिमा दास

93 The objective of the Panini Language Laboratory is-

(1) To develop Sanskrit as the medium of education.

(2) To research on the utility of Sanskrit as a computer language.

(3) To promote reading and writing of Hindi and other Indian languages.

(4) To preserve the nearly extinct Indian languages.

93 पाणिनि भाषा प्रयोगशाला का उद्देश्य है–

(1) संस्कृत को शिक्षा के माध्यम के रूप में विकसित करना।

(2) संस्कृत की कम्प्यूटर की भाषा के रूप में उपयोगिता पर शोध करना।

(3) हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के पठन और लेखन को प्रोत्साहित करना।

(4) लगभग विलुप्त हो रही भारतीय भाषाओं को संरक्षित करना।

94 From the following players of Rajasthan, identify the one who won a medal in an individual event in the recently held Asian Games 2018 -

(1) Rajat Chauhan (2) Apurvi Chandela

(3) Om Prakash (4) Raju Lal Chaudhary

94 राजस्थान के निम्नलिखित खिलाड़ियों में से उस खिलाड़ी को चिन्हित कीजिए जिसने हाल ही में सम्पन्न एशियाई खेल–2018 में किसी एकल स्पर्धा में पदक जीता–

(1) रजत चौहान (2) अपूर्वी चंदेला

(3) ओम प्रकाश (4) राजू लाल चौधरी

95 Read the following statements about 'COMCASA' -

(a) It is an agreement between Indian and USA government.

(b) It will enhance cultural relations between the two nations.

Which of the above statement/ statements are true?

(1) Only (a) is true

(2) Only (b) is true

(3) Both (a) and (b) are true

(4) Neither (a) nor (b) is true

95 'कॉमकासा' (COMCASA) के बारे में अधोलिखित कथनों को पढ़िये–

(अ) यह भारत और संयुक्त राज्य अमरीका की सरकार के मध्य एक समझौता है।

(ब) यह दोनों राष्ट्रों के मध्य सांस्कृतिक संबंधों में अभिवृद्धि करेगा।

उपर्युक्त में से कौनसा/ कौनसे कथन सत्य हैं?

(1) केवल (अ) सत्य है।

(2) केवल (ब) सत्य है।

(3) (अ) और (ब) दोनों सत्य हैं।

(4) ना तो (अ) और ना ही (ब) सत्य है।



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

96 Consider the following statements about the US senator John Mc.Cain-
(a) He was a Senator from Arizona.
(b) He was the Republican Party nominee in the US presidential election of 2008.

Which of the above statement/statements are true?
(1) Only (a) is true
(2) Only (b) is true
(3) Both (a) and (b) are true
(4) Neither (a) nor (b) is true

97 Consider the following statements about Annapurna milk scheme -
(a) CM Raje launched the scheme at a government school in Jaipur
(b) Under the scheme, students of Class I to V will get 150ml. and those in class VI to VIII will get 200ml. of hot milk thrice a week.
(c) In urban areas the milk will be provided on Monday, Wednesday and Friday.
From the above statements, which of the following is/are true ?
(1) only (b) (2) (b) & (c)
(3) (a) & (b) (4) (a), (b) & (c)

98 Who is appointed as the new chairperson of the Lalit Kala Academy?
(1) M.L. Srivastav (2) Brij Bhushan
(3) P. Krishna Shetty (4) Uttam Pacharne

99 Besides Sonam Wangchuk, the other Indian who won the Ramon Magsaysay Award this year (2018) is-
(1) Sanjeev Chaturvedi (2) Bezwada Wilson
(3) Bharat Vatwani (4) Prakash Amte

100 Jinson Johnson won two medals in the recently concluded Asian games – 2018.
Mark the correct description of his Medals-
(1) Gold in 1500m race and silver in 800m race
(2) Gold in 1500m race and Bronze in 800m race
(3) Silver in 1500m race and Bronze in 800m race
(4) Gold in 800m race and Silver in 1500m race

96 अमरीकी सीनेटर जॉन मैक्केन के बारे में अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
(अ) वे एरिजोना से सीनेटर थे।
(ब) वे वर्ष 2008 के अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव में गणतंत्र दल के नामांकित व्यक्ति थे।
उपर्युक्त में से कौनसा/ कौनसे कथन सत्य हैं?
(1) केवल (अ) सत्य है।
(2) केवल (ब) सत्य है।
(3) (अ) और (ब) दोनों सत्य हैं।
(4) ना तो (अ) और ना ही (ब) सत्य है।

97 अन्नपूर्णा दुग्ध योजना के बारे में अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
(अ) मुख्यमंत्री राजे ने इस योजना का शुभारंभ जयपुर में एक सरकारी विद्यालय में किया।
(ब) योजना के अन्तर्गत कक्षा I से V के विद्यार्थियों को 150 मि.ली. तथा जो VI से VIII में हैं उन्हें 200 मि.ली. गर्म दूध सप्ताह में तीन दिन दिया जायेगा।
(स) शहरी क्षेत्रों में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को दूध दिया जायेगा।
उपर्युक्त में से कौनसा /कौनसे कथन सत्य हैं?
(1) केवल (ब) (2) (ब) तथा (स)
(3) (अ) तथा (ब) (4) (अ),(ब) तथा (स)

98 ललित कला अकादमी का नया अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?
(1) एम.एल. श्रीवास्तव (2) बृज भूषण
(3) पी.कृष्णा शेट्टी (4) उत्तम पाचारणे

99 सोनम वांगचुक के अतिरिक्त दूसरे भारतीय जिन्होंने इस वर्ष (2018) रेमन मैगसेसे पुरस्कार जीता –
(1) संजीव चतुर्वेदी (2) बेजवाड़ा विल्सन
(3) भरत वाटवानी (4) प्रकाश आम्टे

100 जिन्सन जॉनसन ने अभी हाल ही में संपन्न एशियाई खेल–2018 में दो पदक जीते।
उनके पदकों के सही विवरण को चिन्हित कीजिए–
(1) 1500 मी. दौड़ में स्वर्ण और 800 मी. दौड़ में रजत।
(2) 1500 मी. दौड़ में स्वर्ण और 800 मी. दौड़ में कांस्य।
(3) 1500 मी. दौड़ में रजत और 800 मी. दौड़ में कांस्य।
(4) 800 मी. दौड़ में स्वर्ण और 1500 मी. दौड़ में रजत।



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247
GET IT ON Google Play

रफ कार्य के लिए स्थान / Space for Rough Work

Adda247



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram